प्रेस विज्ञप्ति

सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक (विशेष शाखा), प्लाटून कमाण्डर, उप निरीक्षक (अंगुल चिन्ह), उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज), उप निरीक्षक (रेडियो), उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) की मुख्य लिखित भर्ती परीक्षा के उपरांत अगले चरण हेतु पात्र परीक्षार्थियों की सूची के सम्बंध में

पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर का पत्र क्र.–पुमु /प्रशासन/ए–15 (भर्ती–नामांकन)/M.1156/2023/नवा रायपुर, दिनांक 24.04.2023 के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर व्यापम द्वारा सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर पदों हेतु मुख्य लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन दिनांक 26, 27 एवं 29 मई 2023 को किया गया ।

उक्त भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर दिनांक **05-06-2023** को प्रदर्शित किया गया तथा प्राप्त दावा–आपत्तियों का परीक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया । मुख्य लिखित भर्ती परीक्षा के उपरांत अगले चरण हेतु पात्र परीक्षार्थियों की सूची रोल नंबर के बढ़ते क्रम में पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर की वेबसाइट **www.cgpolice.gov.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

अगले चरण हेतु पात्र अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 18 जुलाई 2023 से रायपुर में आयोजित की जाएगी, जिसकी विस्तृत समय–सारिणी पृथक से जारी की जाएगी । अगले चरण हेतु पात्र अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षा के प्रवेश पत्र 05 जुलाई 2023 के उपरांत पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे ।

उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली चयन उपरांत नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी. (सी) क्रमॉक 19668/2022 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होंगी ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

अध्यक्ष, भर्ती समिति